**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक-इन-इंडिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

  भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब को आंतकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से अवगत करवाया।

  देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम से किसानों को लाभ होगा।

  करनाल के गांव सालवन में राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

  मुख्यमंत्री ने सालवन गाँव में हरियाणा विकास प्राधिकरण का सेक्टर बनाने असंध में महाराणा प्रताप के नाम पर घर्मशाला बनाने सहित करनाल असंध,जींद मार्ग को चार मार्गीय बनाने की घोषणा की।

  हरियाणा में अब तक कोरोना के 24 मामले सामने आए।

*****************************************************************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मेक-इन-इंडिया राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक कारोबार सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि अब जब भी पाकिस्तान के साथ बातचीत होगी तो वह केवल आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही होगी।

***आतंकवाद का कारोबार चलाना कॉस्ट इफेक्टिव नहीं है, बल्कि उसकी भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अनुमान आज पाकिस्तान को हो चुका है। हमने आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्ट्रेटजी और रिसपॉन्स दोनों को रिडिज़ाइन और रिडिफाइन किया है। हमने पाकिस्तान के साथ अपने इंगेजमेंट और स्कोप ऑफ डायलॉग को रिकैलिब्रेट किया है। अब जब भी बात होगी, केवल आतंकवाद पर बात होगी, पीओके पर बात होगी और किसी दूसरे मुद्दे पर पाकिस्तान के साथ बात नहीं होगी।***

श्री सिंह ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक कार्रवाई का श्रेय स्वदेशी रक्षा प्रणालियों को दिया। श्री सिंह ने कहा कि भारत, जापान जैसी उच्च तकनीकी विनिर्माण, इंजीनियरिंग और भविष्य की तकनीकों के लिए विकास केंद्र बन सकता है।

***दुनिया के अधिकांश बड़ी-बड़ी कंपनियों में भारतीय ऑरिजिन के लोग बड़ी संख्या में काम कर रहे हैं। जैसे जापान में अपनी टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग की एक अलग पहचान पूरी दुनिया में बनाई है। वैसे ही भारत की टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग भी पूरी दुनिया में जब स्थापित होगी, तो उसकी ब्रांडिंग हम इंडियन टेक्नोलॉजी द्वारा निर्मित कर सकेंगे। यानी मेक इंडिया के माध्यम से भारत में बनी हर चीज पर प्रीमियम होगा। जैसे कभी मेड इन जापान का होता था।***

***************************************************************************
*********

भाजपा सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख से सऊदी अरब को अवगत कराया है।आतंकवाद का मुकाबला करने में निरंतर सहयोग के लिए विदेश मामलों के राज्यमंत्री **अदेल अल-जुबेर** से मुलाकात में भारतीय प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब द्वारा पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए आभार व्यक्त किया और आतंकवाद से निपटने में समन्वित वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता को उजागर किया। इसमें आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करना, वित्तपोषण और सुरक्षित ठिकानों को खत्म करना तथा आतंकवादी गतिविधियों के लिए किसी भी राजनीतिक औचित्य को बढ़ावा ना देना शामिल है।प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद-रोधी मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण पर शूरा परिषद के उपाध्यक्ष **डॉ. मिशाल अल-**

**सुलामी** से भी बातचीत की।

*********************************************************************************

हरियाणा में आज कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व और दिशा निर्देश में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अभियान का देश भर में शुभारंभ जगन्नाथ की भूमि पुरी से किया है।

मुख्यमंत्री ने सभी किसान भाइयों को अभियान के शुभारंभ के पर बहुत- शुभकामनाएं दी और उन्हें इससे लाभ उठाने का आह्वान किया।

************************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग-इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************************************

करनाल के गांव सालवन में आज राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की ।इस प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने महाराणा प्रताप को राष्ट्र नायक बताते हुए कहा कि उन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।
हल्दी घाटी की लड़ाई को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप सिर्फ एक नाम नहीं है बल्कि स्वाभिमान, धैर्य और बलिदान का जीवंत प्रतीक भी है। वे सदियों से हमारे शासकों, योद्धाओं और युवाओं की प्रेरणा बने रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जन्म ऐसे समय में हुआ जब भारत की गौरवशाली संस्कृति को नष्ट किया जा रहा था और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही थी। अपनी जन्मभूमि को मुक्त करने के लिए महाराणा प्रताप आजीवन मुगलों से लड़ते रहे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में हमारे सेना के जांबाज योद्धाओं ने पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया है । समारोह में मुख्यमंत्री ने राजपूत समुदाय द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि सालवन गांव में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक सेक्टर बनाया जाएगा। उन्होंने सालवन गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम मोहन सिंह मुंडान करने की भी घोषणा की। उन्होंने गांव से निकलने वाली ड्रेन को पक्का करने, असंध में महाराणा प्रताप के नाम पर धर्मशाला बनाने के लिए 21 लाख रुपए देने के अलावा ग्राम पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध कराने पर खेल स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने असंध विधानसभा की 154 सड़कों के लिए 88 करोड़ रुपए मरम्मत के लिए जारी करने का ऐलान भी किया। इसके साथ करनाल असंध जींद मार्ग को चार मार्गीय बनाने और एक बाईपास का निर्माण करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा सहित जिले के सभी विधायक व प्रदेश भर से आए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

***********************************************************************
*****

हरियाणा में अभी तक कोरोना के 24 मामले सामने आए हैं।हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुग्राम में 11, फरीदाबाद से 9, करनाल से 3 तथा1 मरीज यमुनानगर से सामने आया है। उन्होंने कहा कि एक मामले को छोड़कर बाकी सभी होम आइसोलेशन में है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है और सभी मरीजों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में कोविड प्रबंध के तहत 4 करोड़ 55 लाख वैक्सीनेशन हुई थी। जिसका मतलब है कि पहली डोज 100 प्रतिशत जनसंख्या को और सेकंड डोज 90 प्रतिशत आबादी को दी गई थी। उन्होंने कहा कि इतनी वैक्सीनेशन के बाद हरियाणा में वर्तमान कोरोना लहर से खतरे की बात नहीं है। महानिर्देशक

डॉ कुलदीप सिंह ने बताया कि सभी जिलों को आइसोलेशन वार्ड बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा है कि कोरोना का यह वायरस चिंताजनक नहीं है।